सं. 14-01/2017-आर्क
भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
618-ए, महानगर दूरसंचार भवन,
जेएलएन मार्ग, नई दिल्ली-110 002

दिनांक:22.05.2018

सेवा में,

1. सचिव,
सभी मंत्रालय/विभाग,
भारत सरकार।

2. मुख्य सचिव,
सभी राज्य सरकार।

कार्यालय ज्ञापन

विषय: दूरसंचार विभाग के पी एवं टी बिल्डिंग वर्क्स के आर्किटेक्चर विंग, समूह 'क' सेवा में वरिष्ठ आर्किटेक्ट के 2 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में।

महोदय,

दूरसंचार विभाग, डाक विभाग के अंतर्गत पी एवं टी बिल्डिंग के आर्किटेक्चर विंग में समूह 'क' सेवा, सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेबल 13 (संशोधन पूर्व वेतन बैंड 4-37,400-67,000/-रू., ग्रेड वेतन 8700 रू.) में वरिष्ठ आर्किटेक्ट के दो रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। पद डाक विभाग के दिल्ली, बंगलोर एवं कोलकाता कार्यालयों में रिक्त हैं तथा अखिल भारतीय सेवा दायित्व वाले हैं। तैनाती का स्थान डाक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों में कार्यरत पात्र अधिकारियों से जो निम्नलिखित पात्रता मापदंड और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं, आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

(i) पात्रता - केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों के ऐसे अधिकारी :-

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश्य पद धारक हों अथवा
(ii) सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेबल 12 (संशोधन पूर्व वेतन बैंड 3 - 15,600-39,100/-रू. ग्रेड वेतन 7600/-रू.) में आर्किटेक्ट के पद पर 5 वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों अथवा समकक्ष हों तथा
(iii) संस्थानिक और तकनीकी भवनों के वास्तु से संबंधित योजना और डिजाइन के क्षेत्र में कम से कम 08 वर्षों का अनुभव रखते हों।

(ख) आर्किटेक्चर में स्नातक अथवा समकक्ष अर्हता अवश्य हो तथा आर्किटेक्चर परिषद में पंजीकृत हो।

(फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति के प्रत्यक्ष क्रम में हैं वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे)।

(ii) आयु - आवेदन प्राप्त करने की तारीख को अधिकारी की **आयु 56 वर्ष से** अधिक नहीं होनी चाहिए।

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित संवर्ग से बाहर के किसी अन्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है साधारणतया **चार वर्षों** से अधिक नहीं होगी।

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयनित अधिकारी के संबंध में नियम तथा शर्तें और वेतन एवं भत्ते भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-स्थापना (वेतन-II) एवं दिनांक 17.02.2016 के कार्यालय ज्ञापन सं. 2/6/2016-स्थापना (वेतन-II) समय-समय पर यथा संशोधित, में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विनियमित किए जाएंगे।

4. इच्छुक पात्र अधिकारियों जिन्हें चयन के बाद कार्य मुक्त किया जा सकता है, के संबंध में निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध) में आवेदन अग्रेषित करते समय आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी प्रेषित किए जाएं:-

(i) निर्धारित प्रोफार्मा (अनुबंध) में आवेदन की दो प्रतियां।

(ii) पिछले पांच वर्षों की अद्यतन एवं पूर्ण वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां।

(iii) मूल विभाग द्वारा जारी सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(iv) आवेदक के विरूद्ध किसी अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही का लंबित न होना अथवा विचार किया जाना अपेक्षित न होने से संबंधित प्रमाण पत्र सहित सतर्कता निकासी।

(v) पिछले 10 वर्षों की अवधि के दौरान आवेदक पर लगाई गई छोटी/बड़ी शास्ति की सूची।

5. इच्छुक अधिकारी, जो अपेक्षा के अनुरूप विचार किए जाने के पात्र हैं और जिन्हें चयनित किए जाने पर कार्य मुक्त किया जा सकता है, के उपरोक्त दस्तावेजों सहित सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन उनके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर उचित माध्यम से निदेशक (आर्किटेक्चर), दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं. 618-ए, महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन महाविद्यालय के निकट), जेएलएन मार्ग, नई दिल्ली - 110002 को अग्रेषित किया जाए। आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अंतिम तिथि इम्प्लायमैंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर है।

6. नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। अपूर्ण आवेदन अथवा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक : यथोपरि

माधवी 22/05/20

(माधवी सिंह)
निदेशक (आर्क)

प्रतिलिपि :-

1. सचिव (टी), दूरसंचार विभाग/सचिव (पी), डाक विभाग।
2. सदस्य (सेवाएं), दूरसंचार विभाग।
3. उप महानिदेशक (स्था.), दूरसंचार विभाग/उपमहानिदेशक (स्था), डाक विभाग।
4. मुख्य अभियंता (सिविल), डाक विभाग, डाक भवन, नई दिल्ली।
5. अवर सचिव (एमएम), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
6. निदेशक (ईडब्ल्यू), दूरसंचार विभाग को दूरसंचार विभाग के वेबसाइट पर रिक्ति संबंधी परिपत्र प्रतिष्ठापित करने हेतु।
7. गार्ड फाइल।

माधवी 22/05

(माधवी सिंह)
निदेशक (आर्क)

अनुबंध-I

जीवन वृत्त/व्यक्ति वृत्त का प्रारुप

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | |
| 3. (i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| (ii) केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवा निवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षिक योग्यता | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताओं को पूरा करते हैं ? (यदि कोई योग्यता, नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समकक्ष है तो, इसके लिए प्राधिकारी को निर्दिष्ट करें ।) | |
| **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में दर्शाए गए अनुसार अपेक्षित अर्हताएं /अनुभव** | **अधिकारी द्वारा अर्जित अर्हताएं /अनुभव** |
| अनिवार्य | अनिवार्य |
| क) अर्हताएं | ख) अर्हताएं |
| ग) अनुभव | घ) अनुभव |
| वांछित | वांछित |
| क) अर्हताएं | ख) अर्हताएं |
| (ग) अनुभव | घ) अनुभव |
| 5.1 स्नातक और स्नाकोत्तर स्तर होने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा ऐच्छिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों के बारे में सूचित किया जाए । | |
| 6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर वर्णित प्रविष्ठियों के अनुसार आप अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं और पद के लिए अपेक्षित अनुभव को पूरा करते हैं। | |

7. रोजगार का ब्यौरा, कालक्रम अनुसार । यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अलग पृष्ठ पर ब्यौरा दें और उस पृष्ठ को अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित करें ।

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान | कर्त्तव्यों का प्रकार (ब्यौरेवार) आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को दर्शाते हुए । |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

* महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत स्वीकृत वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी की व्यक्तिगत जानकारी है और इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए । केवल नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाए, वर्तमान वेतन बैंड, ग्रेड वेतन के साथ ऐसे एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा दें जहां अभ्यर्थी द्वारा इन लाभों को लिया गया हो, ब्यौरा निम्नानुसार दर्शाया जाए:

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अंतर्गत अर्जित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8.वर्तमान रोजगार की प्रकृति यथा तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा स्थायीवत् अथवा स्थायी | | | |
| 9.यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधारित है, कृपया उल्लेख करें- | | | |
| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ग) आवेदक से संबंधित वर्तमान कार्यालय /संगठन का नाम | घ) मूल संगठन की वास्तविक क्षमता में धारित पद का नाम और वेतन |
| 9.1 नोट: यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है, तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन सवंर्ग मंजूरी, सतर्कता मंजूरी और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ मूल संवर्ग/विभाग द्वारा अग्रेषित किए जाने चाहिए ।<br>9.2 नोट: सभी मामलों में उपर्युक्त मद (ग) और (घ) के अंतर्गत सूचना देनी | | | |

| | |
|---|---|
| अनिवार्य है जहां अधिकारी संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त है लेकिन अब भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में एक ग्रहणाधिकार बनाए हुए है । | |
| 10. यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किया गया हो, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापिस आने की तारीख और अन्य ब्यौरे । | |
| 11. वर्तमान रोजगार का अतिरिक्त ब्यौरा:<br>कृपया उल्लेख करें कि किस के अंतर्गत कार्यरत हैं (उपयुक्त कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>क) केन्द्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 12. कृपया यह उल्लेख करें कि क्या आप राज्य के विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर से फीडर ग्रेड में कार्यरत है। | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां तो वह तिथि बताएं जिस तिथि से संशोधन हुआ है और संशोधन से पूर्व वेतनमान का उल्लेख भी करें | |

14. वर्तमान में प्रतिमाह ली जाने वाली कुल परिलब्धियां

| वेतन बैंड में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

15. यदि अभ्यर्थी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केन्द्र सरकार के वेतनमान की पालना नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पत्र जिसमें निम्नलिखित ब्यौरे होने चाहिए, वह प्रस्तुत करें ।

| वेतनमान के साथ मूल वेतन तथा वेतनवृद्धि की दर | मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते इत्यादि (ब्यौरेवार विवरण) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16. क) यदि आवेदित पद के समर्थन में पद की उपयुक्तता के लिए आपके पास कोई अतिरिक्त जानकारी हो तो (अन्य जानकारियों के साथ इस जानकारी को भी प्रदान करें: (I) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता (II) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (III) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य के अनुभव से अधिक कोई अनुभव हो)<br>**(नोट: अलग पृष्ठ का उपयोग करें, यदि स्थान पर्याप्त न हो )** | |

| | |
|---|---|
| | |
| 16. ख) **उपलब्धियां:**<br>अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निम्न से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाएं:-<br>(i) अनुसंधान संबंधी प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियाजनाएं<br>(ii) (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालय प्रशंसा<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/संस्थाओं के साथ संबंधन और ;<br>(iv) अपने स्वयं के नाम पर पंजीकृत पेटेंट अथवा संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>(v) कार्यालयी पहचान संबंधी कोई अनुसंधान/अभिनव उपाय<br>(vi) कोई अन्य जानकारी<br>(नोट: अलग पृष्ठ का उपयोग करें, यदि स्थान पर्याप्त न हो) | |
| 17. क्या अनु.जा./अनु.ज.जाति से संबंधित हैं । | |

मैंने इस रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन को ध्यान से देख लिया है और मैं यह अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यताओं/ कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेजों के जरिए विधिवत रूप से समर्थित व्यक्ति वृत (बायोडेटा) में प्रदान की गई सूचना का मूल्यांकन इस पद के लिए मेरा चयन होने पर चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा । मेरे द्वारा प्रदान की सूचना/ब्यौरा मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही है तथा ऐसा कोई भी भौतिक तथ्य नहीं है जिससे मेरे चयन में बाधा आए/मेरा चयन रोक दिया जाए ।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पता______________________

ई-मेल आईडी______________________________

फोन नं.__________________________

दिनांक______________________

## नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा प्रदान की गई सूचना/ब्यौरा रिकॉर्डों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं । आवेदक के पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव है । यदि इनका चयन हो जाता है तो इन्हें तत्काल कार्य-मुक्त कर दिया जाएगा ।

2. इसके साथ-साथ यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

i) श्री/श्रीमती________________________________________ के विरुद्ध कोई भी सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक संबंधी मामला लंबित/विचाराधीन नहीं हैं ।

ii) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है ।

iii) इनकी सीआर/एपीएआर डोज़ियर मूल रूप में संलग्न है/ भारत सरकार के अवर सचिव अथवा इससे ऊपर की श्रेणी के अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले 5 वर्षों की एसीआर की प्रतिलिपियां संलग्न हैं ।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर कोई भी बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की एक सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

-------------------------

(मुहर सहित नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी)